# कांग्रेस जिलाध्यक्ष सूची : चम्बल संभाग में ब्राह्मण व गुर्जर नदारत

**महेश मिश्रा**

**भिंड, 18 अगस्त।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस संघठन व्दारा प्रदेश जिलाध्यक्षो की सूची जारी की गई है, जिसमे ग्वालियर चंबल संभाग में ब्राह्मण एंव गुर्जर समुदाय को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया जिससे दोनो समुदाय के आमजन मे गहरा असंतोष है, जबकि ग्वालियर चंबल संभाग मे ब्राह्मण और गुर्जर समुदाय काफी अधिक संख्या बल में है।

इन दोनों समाजों के नेताओं ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस मे ब्राह्मण और गुर्जर समुदाय के लिए कोई स्थान शेष नहीं रहा, चंबल संभाग के मुरेना जिले मे गुर्जर



समुदाय सबसे अधिक संख्या बल में निवास कर रहा है, जहाँ से अनेक बार गुर्जर समुदाय के नेता विधायक के रूप मे निर्वाचित होते रहे हैं। इसी प्रकार ग्वालियर चंबल क्षेत्र से भिंड व ग्वालियर सहित अन्य जिलो से ब्राह्मण समुदाय से विधायक निर्वाचित होकर मध्यप्रदेश सरकार मे मंत्री रहे हैं। इस प्रकार कांग्रेस पार्टी व्दारा ब्राह्मण व गुर्जर समुदाय की अनदेखी करना कांग्रेस पार्टी के लिए कही न कही कठिन डगर की ओर इंगित अवश्य करता नजर आता है, जबकि कांग्रेस सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के निर्देशो के अनुसार हर जाति वर्ग को अनुपात के अनुरूप व्यवस्था मे जिम्मेदारी देने वाले वादे को ही मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी व्दारा दरकिनार कर दिया गया है। ग्वालियर चंबल संभाग के बडे समुदाय ब्राह्मण व गुर्जर समुदाय की उपेक्षा करना कितना सही कितना गलत होगा यह तो आने वाला समय ही बयां करेगा।



## गौ सेवा एवं गरीब बच्चों को कॉपी किताबें वितरित

**मालनपुर, 18 अगस्त।** मालनपुर क्षेत्र के समाजसेवी एवं पशु प्रेमी श्री राम सोनी ने गौ सेवा कर एवं गरीब निराश्रित बच्चों को कॉपी किताब में वितरित कर सेवादिवस मनाया। उन्होंने सेवादिवस पर निराश्रित गौ उपचार केंद्र मालनपुर में घायल बीमार गौ माता के लिए दाना पीना की दो बोरी उपलब्ध कराया और उन्होंने क्षेत्र के गरीब निराश्रित बच्चों को कॉपी किताबें भी वितरित की। इस अवसर पर लखन सोनी, राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के भिंड जिला अध्यक्ष दीपक रजक, साहिल सोनी, विनय सोनी, गौ रक्षक शिवम परिहार उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण की नापतौल, छह थानों का पुलिस बल तैनात

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 18 अगस्त।** लहार नगर पालिका क्षेत्र में लंबे समय से विवादित सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायतों के बाद राजस्व विभाग ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में नपती (माप-जोख) की कार्यवाही की। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह के परिजन सहित कई लोगों को पहले ही नोटिस जारी कर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे।

**नोटिस जारी कर बुलाए गए थे संबंधित :** राजस्व विभाग ने सीएमओ रमाशंकर शर्मा, डॉ. गोविंद सिंह के पुत्र अमित प्रताप सिंह, उनके भाई रामेंद्र सिंह, राधा भदौरिया, रेखा तोमर, मोहम्मद खां और लियाकत खां को 12 अगस्त को नोटिस जारी कर नपती के दिन उपस्थित रहने के लिए कहा था।

**लालसिंह पैलेस गेट के पास तोड़ा गया पक्का सीमेंट :** नपती



की कार्यवाही सर्वे क्रमांक 2438 और 1992 के सरकारी रास्ते पर की गई। इस दौरान लालसिंह पैलेस के गेट के पास बने पक्के सीमेंट को तोड़कर रास्ते की सीमा तय की गई। मौके पर आसपास के खातेदार भी मौजूद रहे।

**छह थानों का बल तैनात :** संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। लहार, दबोह, असवार, मिहोना और रौन थानों का पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। इसके साथ ही एसडीओपी प्रवीण त्रिपाठी, तहसीलदार दीपक शुक्ला और सीएमओ रमाशंकर शर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। कई बार जरीब डालकर माप-जोख की गई और सड़क का मेजरमेंट मिलाने में काफी समय लगा।

**सीएमओ और तहसीलदार का पक्ष :** इस संबंध में सीएमओ रमाशंकर शर्मा ने कहा कि नगर पालिका के रास्ते पर अतिक्रमण हुआ है, इसी कारण आवेदन दिया गया था। वहीं तहसीलदार दीपक शुक्ला ने जानकारी दी कि नपती सोमवार को कर ली गई है और मंगलवार को इसकी फाइनल रिपोर्ट सौंप दी जाएगी।

**डॉ. गोविंद सिंह ने किया खंडन :** उधर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि मेरे नाम कोई संपत्ति नहीं है। न तो मेरे नाम लालसिंह पैलेस है और न ही मैं मौके पर मौजूद था। यह संपत्ति जिनकी है, वे लोग वहां उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने की साप्ताहिक समीक्षा बैठक, लंबित शिकायतों के निराकरण पर दिया जोर


**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 18 अगस्त।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुनील दुबे, अपर कलेक्टर एलके पाण्डेय

**विभागवार प्रकरणों की समीक्षा, ई-ऑफिस और ई-केवाईसी में प्रगति लाने के निर्देश**

सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे, वहीं कई विभागीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी



विभाग शिकायतों का शत-प्रतिशत एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि शिकायतों का गंभीरता से समय-सीमा में निपटारा हो, ताकि जिले की ग्रेडिंग में सुधार आ सके और आमजन को त्वरित समाधान मिल सके।

**ई-केवाईसी और ई-ऑफिस प्रणाली पर विशेष बल :** कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने समग्र ई-केवाईसी कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग इस कार्य पर विशेष ध्यान दें और प्रगति लाएँ। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी कार्यों की धीमी गति स्वीकार्य नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्यालय प्रमुख अपने कार्यालयीन कार्यों में ई-ऑफिस का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली से कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और गति दोनों आती हैं। कलेक्टर ने सार्थक एप्लिकेशन के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था का भी परीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

**मौसमी बीमारियों की रोकथाम पर भी जोर :** बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में मौसमी बीमारियों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाएँ और रोकथाम के उपायों पर विशेष ध्यान दें।

**अन्य योजनाओं की समीक्षा :** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने बैठक में कई महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यों की भी समीक्षा की, जिनमें प्रमुख रूप से जल जीवन मिशन की प्रगति, मिलावट के विरुद्ध कार्रवाई, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त पत्रों का निराकरण, सीएम एवं सीएस मॉनिटरिंग की स्थिति शामिल है।

**टीएल पत्रों का समयबद्ध निराकरण :** मीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करें और योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाएं।

# वोट चोरी के आरोपों को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 18 अगस्त।** ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर के अटल चौक पर केंद्र की भाजपा सरकार और चुनाव आयोग का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर

**भाजपा सरकार और चुनाव आयोग का पुतला दहन**

नारेबाजी की।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष गुर्जर ने आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने वोट चोरी कराते हुए केंद्र में भाजपा की सरकार बनवाई है, जिसका खुलासा राहुल गांधी ने किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है और



चुनाव प्रक्रिया को ध्वस्त कर सत्ता में बने रहने की साजिश रच रही है। इसी क्रम में राजीव कौशिक ने कहा कि भाजपा लगातार वोट चोरी कराकर सत्ता में आ रही है। इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की जानी चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन भी पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दबाने और गिरफ्तार करने का प्रयास कर रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रही है और भाजपा की कथित तानाशाही के खिलाफ जनता को जागरूक करने का काम कर रही है। प्रदर्शन के दौरान गणेशराम शर्मा, जगदीश माहौर, रमजानी खान, नरोत्तम चौरसिया, अवधेश शुक्ला, मोहन सिंह सिकरवार, उमाशंकर शर्मा, प्रदीप त्रिवेदी, आकाश शर्मा, गौरव सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पर्यावरण को बचाने वृक्ष जरूरी : चतुर्वेदी

**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 18 अगस्त।** औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित सूर्या रोशनी द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायक पहल करते हुए फैक्ट्री परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कंपनी के अधिकारियों, कर्मचारियों ने

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में सूर्या रोशनी ने किया वृक्षारोपण**

उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर सैकड़ों पौधे लगाए गए जिनमें नीम, पीपल, गुलमोहर, कचनार और अशोक जैसे छायादार और पर्यावरण के अनुकूल वृक्ष शामिल थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उद्योग क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा देना और जलवायु परिवर्तन की दिशा में सकारात्मक योगदान देना था। इस अवसर पर कंपनी के जी एम मुकुल चतुर्वेदी ने कहा कि पर्यावरण बचाने वृक्ष जरूरी है



औद्योगिक प्रगति तभी सार्थक है जब उसमें पर्यावरण संतुलन का भी ध्यान रखा जाए। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों को 'एक व्यक्ति - एक पौधा' की शपथ दिलाई गई। कंपनी परिसर में एक तरह से घना जंगल सा दिखाई पड़ता है, इस अवसर पर तपन बंदोपाध्याय, सौरव, संजय सिंह कुशवाह ,पुरुषोत्तम आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## टीआई सुनील बनोरिया एवं सिविल सर्जन राठौर का सम्मान

**दतिया, 18 अगस्त।** दतिया में थाना सिविल लाइन के टीआई सुनील बनोरिया को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। व्यापारियों ने थाना पहुंच कर शाल,श्रीफल और फूल माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी।क्षेत्र में समस्याओं के उत्कृष्ट के लिए किए गए कार्यों की सराहना की गई। व्यापारी बल्लन गुप्ता, श्री मोहन सुहाने ,नितिन पांडे,अंकित अग्रवाल,संजय सिजरिया द्वाराका साहू,अनूप गोस्वामी रामस्वरूप साहू , आशु शर्मा अन्य व्यापारियों ने भी सिविल लाइन टीआई का सम्मान किया एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करने डॉ के.सी. राठौर को यह सम्मान ई-ऑफिस संचालन, एनक्यूएएस, मुस्कान कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने व मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर कार्य के लिए जिलाधीश स्वप्निल वानखड़े ने सम्मानित किया है।

## डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश प्रारंभ

**भिंड, 18 अगस्त।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय भिण्ड में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में संचालित तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम सिविल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग तथा मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट में कुछ रिक्त सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों को संस्था स्तर पर काउंसलिंग के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर ब्रह्मकुमारी आश्रम में हुए कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 18 अगस्त।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की च्गोल्डन वर्ल्ड रिट्रीट सेंटरज्ञ में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर बहुत ही सुन्दर रंगारंग कृष्ण लीला का कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इस कार्यक्रम में कृष्ण लीला की एक व्याख्यान में ग्वालियर संभाग की मुख्य ब्रह्माकुमारी बी.के ज्योति बहन ने अपने



उद्बोधन में कहा कि श्री कृष्ण को सदा रंगीन चमकीली ड्रेस में बांसुरी बजाते हुए दिखाया है। ऐसी ड्रेस में और बांसुरी बजाते हुए यह हमारी बेफिक्री, किसी बात की कोई चिंता नहीं, कोई दुख नहीं, कोई अशांति नहीं, कोई गरीबी नहीं का प्रतीक भी है। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी पूजा बहन, ब्रह्माकुमारी सृष्टि बहन, ब्रह्माकुमार महेश भाई और अन्य कई भाई बहनों की उपस्थिति रही।

# भिण्ड में बिलिंग मैनेजमेंट सिस्टम पर कार्यशाला आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 18 अगस्त।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की ग्वालियर एवं चंबल

**जलकर संग्रहण को सरल और पारदर्शी बनाने पर जोर**

इकाई के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को भिंड में 'बिलिंग मैनेजमेंट सिस्टम' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की




गई। इस कार्यशाला में दोनों इकाइयों के अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदाकारों ने सहभागिता की।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जल उपभोक्ताओं से मासिक जलकर संग्रहण की प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं सुलभ बनाना था। उल्लेखनीय है कि कम्पनी द्वारा ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 28 नगरीय निकायों में जल प्रदाय परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें से 10 निकायों में योजनाओं का संचालन एवं संधारण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है।

**दीप प्रज्वलन से हुई शुरुआत :** कार्यशाला का शुभारंभ परियोजना क्रियान्वयन इकाई, ग्वालियर-चंबल के परियोजना प्रबंधक केके शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर ग्वालियर एवं चंबल इकाई के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य संबंधित सहभागी मौजूद रहे।

**तकनीकी पहलुओं पर चर्चा :** कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बिलिंग प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करने के विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उपभोक्ता सेवा में सुधार, राजस्व संग्रहण की दक्षता बढ़ाने तथा पूरी प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से और अधिक सुलभ एवं पारदर्शी बनाने पर विशेष बल दिया गया।

# प्रस्फुटन समिति सक्रियकरण 'माटी गणेश-सिद्ध गणेश' प्रशिक्षण आयोजित




**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 18 अगस्त।** अटेर में विकासखंड स्तरीय प्रस्फुटन समिति का सक्रियकरण बैठक सह प्रशिक्षण एवं 'माटी गणेश-सिद्ध गणेश' प्रशिक्षण कार्यक्रम पीएम श्री एमजेएस कॉलेज भिंड में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला समन्वयक म.प्र. जन अभियान परिषद भिंड डॉ. शिव प्रताप सिंह भदौरिया रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में शैलेष नारायण सिंह उपस्थित रहे।

**समिति के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा :** प्रथम सत्र में विकासखंड समन्वयक सोहन सिंह भदौरिया ने प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधियों को जन अभियान परिषद के उद्देश्यों एवं समिति की गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परिषद, प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्थाएं, नवांकुर सखियां और छात्र-छात्राओं के सहयोग से लगातार समाजहित एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी नित नई गतिविधियां संचालित कर रहा है।

**'माटी गणेश-सिद्ध गणेश' अभियान पर बल :** द्वितीय सत्र में जिला समन्वयक डॉ. शिव प्रताप सिंह भदौरिया ने कहा कि शासन द्वारा 'माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान' प्रकृति संरक्षण की दिशा में एक अनूठी पहल है। उन्होंने कहा कि सनातन काल से पार्थिव गणेश की पूजा का उल्लेख हमारे धर्मग्रंथों में मिलता है। पार्थिव प्रतिमा पूजा से अधिक पुण्य लाभ प्राप्त होता है, वहीं प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों में प्रयुक्त रसायन पर्यावरण, जलीय जीवों एवं मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। अत: समाज को मिट्टी से बने गणेश प्रतिमा के उपयोग हेतु जागरूक करना हम सबका दायित्व है। विशिष्ट अतिथि शैलेष नारायण सिंह ने कहा कि मां भारती की पावन मिट्टी से बने गणेश जी की प्रतिमाएं न केवल हमारी संस्कृति और परंपरा से जुड़ी हैं बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देती हैं। उन्होंने सभी गणेश उत्सव समितियों से संपर्क कर इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

**प्रतिभागियों ने स्वयं बनाई मिट्टी की प्रतिमा**

तृतीय सत्र में प्रशिक्षक राघवेंद्र सिंह और पूजा देवी ने प्रतिभागियों को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने स्वयं गणेश जी की मिट्टी की प्रतिमाएं बनाईं और संकल्प लिया कि वे अपने-अपने गांव जाकर अधिक से अधिक लोगों को प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों के स्थान पर मिट्टी की गणेश प्रतिमा स्थापित करने हेतु प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड समन्वयक सोहन सिंह भदौरिया ने किया जबकि आभार प्रदर्शन परामर्शदाता अंकित धाकरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि, प्रस्फुटन समिति सदस्य, नवांकुर सखियां, सहायिका एवं परामर्शदाता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सूर्या रोशनी का तार और केबल्स सेगमेंट में प्रवेश



**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 18 अगस्त।** सूर्या रोशनी ने तार और केबल्स सेगमेंट में प्रवेश किया है और अपनी नई टर्बो फ्लेक्स रेंज लॉन्च की है — जो सुरक्षा, टिकाऊपन और बहुमुखी प्रतिभा का शक्तिशाली संयोजन है, विशेष रूप से आधुनिक घरों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए तैयार की गई है। इसके साथ कंपनी ने इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशंस मार्केट में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है।

नए लॉन्च किए गए तार दो प्रकार में उपलब्ध हैं ऱ्टर्बो फ्लेक्स - (फ्लेम रिटार्डेंट) और टर्बो फ्लेक्स ग्रीन (फ्लेम रिटार्डेंट लो स्मोक एंड हैलोजन)। ये (प्रतिबंधित खतरनाक पदार्थों पर रोक) अनुपालन, पर्यावरण-अनुकूल तार हैं, जिन्हें उच्च सुरक्षा विशेषताओं के साथ बनाया गया है और रोज़मर्रा की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए इंजीनियर किया गया है।

इनके उच्च इंसुलेशन रेज़िस्टेंस गुण इन्हें सुरक्षा और स्थिरता के प्रति जागरूक बाजारों में एक भरोसेमंद विकल्प बनाते हैं। पद्मश्री जे. पी. अग्रवाल, चेयरमैन - सूर्या रोशनी लिमिटेड ने कहा हमारा मिशन हमेशा से भरोसे और तकनीक को जोड़ना रहा है। टर्बो फ्लेक्स रेंज केवल एक तार नहीं है - यह हर घर की सुरक्षा है। राजू बिष्टा, एमडी - सूर्या रोशनी लिमिटेड ने जोड़ाऱ् च्टर्बो फ्लेक्स रेंज के साथ हम वायरिंग उद्योग में नया मानक स्थापित कर रहे हैं।

इसके अलावा, वासुमित्रा पांडे, सीईओ - सूर्या रोशनी लिमिटेड ने कहाऱ् च्जैसे-जैसे घर और कार्यस्थल अधिक तकनीकी रूप से एकीकृत होते जा रहे हैं, उनकी रीढ़ - विद्युत वायरिंग - को भी इसका समर्थन करने के लिए विकसित होना होगा।